हिन्दुस्तान
मंगलवार, 2 मई 2023
02
www.livehindustan.com

# राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में सोमवार को राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में राजनीतिक विचारकों के योगदान पर प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने अपने विचार रखे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा सम्मेलन का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में हमारे महान राजनीतिक विचारकों, कार्यकर्ताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर चर्चा और प्रशंसा करना है।